18.09.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :

- मुख्यमंत्री ने कटनी जिले में 233 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों की दी सौगात।
- प्रदेश में सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का का आयोजन।
- विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में नीरज चोपड़ा पदक से चूके।
- प्रदेश के कई जिलों में जोरदार बारिश, भोपाल, इन्दौर, देवास में भी हुई बारिश।

मुख्यमंत्री- कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज कटनी जिले के बड़वारा विकासखंड मुख्यालय में बड़वारा और विकासखंड रीठी में नवनिर्मित सांदीपनि स्कूल भवनों के लोकार्पण सहित 233 करोड़ 82 लाख रूपये के विकास कार्यों भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण भी किया। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' के विभिन्न घटकों को प्रदर्शित करने वाले क्रियाकलापों को प्रदर्शित किया गया।

मुख्यमंत्री- जबलपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों जनजातीय वीरों के अंग्रेजों से संघर्ष का मूल स्वदेशी था। अंग्रेजों के सामने न झुकने वाले पिता-पुत्र ने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर इतिहास रचा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी अपनाने का अभियान आगे बढ़ रहा है । उन्होंने सभी से 'गर्व से कहो हम स्वदेशी अपनाएंगे' का संकल्प लेने की अपील की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और लखपति दीदियों द्वारा बनाए गए उत्पादों की सराहना की।

सेवा पखवाड़ा

प्रदेश में सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। भोपाल के तात्या टोपे स्टेडियम, में सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कल रक्तदान शिविर और खिलाड़ियों द्वारा सेवा कार्य कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शहडोल जिले के सभी 271 स्वास्थ्य केंद्रों में अगले 15 दिनों तक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा अभियान के पहले दिन जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बैतूल जिले में अभियान के तहत विभिन्न स्वच्छता संबंधी गतिविधियां आयोजित की गईं। अशोकनगर के ग्राम पंचायत बमोरीताल में गीला, सूखा कचरा अलग अलग किए जाने का महत्व एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज अशोकनगर में जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के साथ शहर की प्लानिंग और सौंदर्यीकरण को लेकर बैठक की। बैठक में शहर की सड़कों को इतिहास पर आधारित थीम से सजाने, ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने, पर्यटकों के लिए सूचना व्यवस्था बनाने और पेयजल योजना जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही अतिक्रमण हटाने में पुलिस विभाग के सहयोग पर भी विचार किया गया।

जीएसटी सुधार – साइकिल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर घोषित जीएसटी सुधार लागू होने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। 3 सितम्बर को हुई जीएसटी परिषद की बैठक में कई सामानों पर टैक्स घटाने का निर्णय लिया गया है। नई दरें 22 सितम्बर से लागू होंगी।

सेवा पर्व कैप्सूल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से अभिप्रेरित सरकार प्रगति और परिवर्तन के लिए लगातार काम कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज, कृषि क्षेत्र में परिवर्तन और किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में नरेन्द्र मोदी सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया जा रहा है।

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 1900

नीरज चोपड़ा और सचिन यादव विश्व चैम्पियनशिप में पुरूषों के भाला फेंक स्पर्धा से बाहर हो गए। नीरज इस प्रतियोगिता में आठवें स्थान रहे। उन्होंने 84 दशमलव शून्य-तीन मीटर का सर्वश्रेष्ठ फेंका। वहीं, सचिन प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहे और उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 86 दशमलव दो-सात मीटर का रहा।

त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकॉट ने इस चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता ।

मौसम

प्रदेशभर में कई जिलों में जोरदार बारिश दर्ज की गई। जयसिंहनगर में सबसे अधिक 5 इंच वहीं हटा में करीब 3.8 इंच बारिश हुई। भोपाल शहर में भी 2.2 इंच और देवास में 2 इंच पानी बरसा। मौसम विभाग ने रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, और पांढुर्णा सहित 16 जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया।

समाचार संक्षेप में .....

- आगरमालवा नगर पालिका परिषद द्वारा "स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छ उत्सव" अभियान के अंतर्गत आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने जन जागरूकता रैली निकाली
- सीहोर में आज सेवा पखवाड़ा के तहत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किये।
- डिंडोरी में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के अंतर्गत "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- छिंदवाड़ा में आज पोलो ग्राउंड में सेवा पखवाडे के तहत स्कूल शिक्षा विभाग के रक्तदान शिविर में 25 शिक्षकों ने रक्तदान किया।
- ग्वालियर में हिंदी सेवी वन मित्र काशीनाथ जोशी की स्मृति में कल राष्ट्रीय कला मित्र पुरस्कार प्रदर्शनी का उदघाटन तानसेन कलावीथिका में किया जायेगा।